3. निम्नलिखित भाव वाली पंक्तियाँ कविता में से चुनकर लिखिए–

क. एक बीज से अनेक दाने, फिर अनेक दानों से अनगिनत दाने।

अपने जैसे लाख उगाए

ख. हमारा जीवन कभी समाप्त नहीं होता। यह न कभी बूढ़ा होता है, न कभी मरता है। यह मीठे सपने की तरह चलता रहता है।

जीवन अपना अजर अमर है।

मीठा सपना एक सफ़र है।

भाषा से



**भाषा कौशल–** संयुक्त व्यंजन, संयुक्ताक्षर, वर्ण-विच्छेद, विलोम शब्द

## बात वर्ण की

**1. (न्य) संयुक्ताक्षर है। निम्नलिखित शब्दों को (न्य) से पूरा कीजिए और अर्थ लिखिए–**

धन्य – सफल

अन्य – दूसरा          वन्य – वन में रहने वाले

**2. (क्ष) एक संयुक्त व्यंजन है। निम्नलिखित शब्दों में (क्ष) भरिए और शब्दों को ज़ोर-से पढ़िए–**

अक्षर          कक्षा          पक्ष          क्षमा

**3. निम्नलिखित वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए–**

ध् + अ + न् + य् + अ – धन्य

भ् + ऊ – भू

क् + ए – के

न् + अ + व् + अ – नव

## बात शब्द की

1. निम्नलिखित शब्दों के वर्णों को उलट-पलटकर जितने शब्द बना सकते हैं, बनाइए–

उदर – उर दर

मरना – नाम मर मना राम नर

सफ़र – सर रस फ़स ........ ........

जीवन – जीव वन नव ........ ........

2. विलोम शब्द चुनकर लिखिए–

| अहित | बेचैन | मृत्यु | पुराना | अनेक | खोकर |
|---|---|---|---|---|---|

जीवन – मृत्यु

हित – अहित

चैन – बेचैन

एक – अनेक

पाकर – खोकर

नया – पुराना

## बात वाक्य की

1. दिए गए शब्दों में 'कर' लगाकर वाक्य पूरे कीजिए–

| कह | खा | पक | जा | पा |
|---|---|---|---|---|

क. दाना **पककर** धरती पर ही गिर जाएगा।

ख. "धन्यवाद!" कहकर पक्षी उड़ गया।

ग. दाने खाकर पक्षी प्रसन्न हो गए।

घ. धरती के भीतर बीज जाकर सो गया।

ङ. वर्षा की बूँदों से नमी पाकर अंकुर निकल आए।

**2. कविता की पंक्ति को सरल भाषा में लिखिए–**

क. परहित कारण मर-मिट जाऊँ – मैं परहित कारण मर-मिट जाता हूँ।

ख. बोरे में भर, चैन न पाऊँ – मैं बोरे में भर कर चैन नहीं पाता हूँ।

## विषय संवर्धक क्रियाकलाप



### नया-निराला

**भाषा कौशल–** ज्ञान एवं बोध

- इन पंक्तियों को पढ़िए–
  - एक-एक दाना बनने में बहुत-सी धूप, बहुत-सा पानी और मिट्टी की बहुत-सी ताकत और किसान की बहुत सारी मेहनत लगती है।
  - अन्न का एक भी कण बरबाद मत करो।



### मन पाखी बन

**भाषा कौशल–** कल्पना और अभिव्यक्ति

- पक्षी को दाना कहाँ-कहाँ से मिलता है?



### ज्ञान गोता

**भाषा कौशल–** जानकारी

1. किसान अन्न कैसे उगाता है? पता कीजिए कि दाने को बोने से लेकर पकने तक क्या-क्या काम करने होंगे?
2. पता कीजिए कौन-सी फ़सल किस मौसम में उगाई जाती है?